नोएडा पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो यहां के विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ उपलब्ध कराता था। गिरफ्तार आरोपियों में चार नोएडा के एक नामी विश्वविद्यालय के छात्र हैं। जबकि पांच विभिन्न जगहों से मादक पदार्थ लाकर इन्हें उपलब्ध कराते थे।

पुलिस ने उनके पास से मादक पदार्थ एमडीएमए, कोकीन, विदेशी गांजा, समुद्री गांजा, चरस तथा सफेद रंग का मादक पदार्थ का पाउडर आदि बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम हरिश चंदर ने बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर एमिटी विश्वविद्यालय के पास से दर्शन जैन छात्र बीबीए एलएलबी एमिटी यूनिवर्सिटी, आदित्य कुमार छात्र एमिटी विश्वविद्यालय बीबीए एलएलबी, अपूर्ण सक्सेना छात्र अमेठी विश्वविद्यालय एमबीए, सागर बजाज छात्र एमबीए एमिटी विश्वविद्यालय तथा राजन, अक्षय, अमित सोम, नरेंद्र कुमार और सत्येंद्र श्रीवास्तव सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ एमडीएमए, शिलांग का गांजा, समुद्री गांजा, सफेद रंग के पाउच में पैक किया हुआ मादक पदार्थ आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे लोग विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से संपर्क करते हैं, तथा उन्हें मादक पदार्थ उपलब्ध कराते हैं। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि एमिटी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले चारों छात्र अन्य आरोपियों के साथ मिलकर देश.विदेश से गांजा, चरस, कोकीन, तथा एमडीएमए और अन्य मादक पदार्थ मंगवाते हैं।

ये लोग सोशल मीडिया के माध्यम से छात्र-छात्राओं से संपर्क करते हैं तथा उन्हें मादक पदार्थ सप्लाई करते हैं। उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपी काफी दिनों से इस अवैध कारोबार में संलिप्त थे।

डीसीपी ने बताया कि इनके पास से एक कार और दो दो पहिया वाहन भी बरामद हुआ है। इससे गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि इनसे मिली जानकारी के आधार पर कुछ अन्य लोगों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गोरख धंधे में छात्र-छात्राओं के अलावा यहां के विभिन्न विश्वविद्यालय के हॉस्टलों के वार्डन और अध्यापक तो संलिप्त तो नहीं है।

### नशीले पदार्थ के साथ पांच गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने रविवार रात को तीन मादक पदार्थ तस्करों के पास से 72 किलोग्राम 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार राठी ने रविवार रात को एक सूचना के आधार पर बीटा-दो थाना क्षेत्र में परी चौक के पास एक दुकान के पास से लाखों रुपए मूल्य का 72 किलो और 300 ग्राम अवैध गांजा तथा गांजा तस्करों में इस्तेमाल एक कार बरामद की। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन मादक पदार्थ तस्करों चांद उर्फ चंदू, इरशाद तथा राशीद को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी आंध्र प्रदेश से गांजा खरीद कर लाते थे और इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेचते थे। प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य मामले में दादरी थाने की पुलिस ने अलग अलग जगहों से सुभाष तथा रविंद्र सिंह नामक दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से साढ़े तीन किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया।

## संक्षिप्त समाचार




नोएडा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### संविधान दिवस पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर गिरफ्तार

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर कथित रूप से संविधान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रविवार को संविधान दिवस पर यह कथित टिप्पणी की थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया, स्थानीय जारचा थाने में आरोपी के खिलाफ रवि कुमार नामक व्यक्ति ने रविवार रात को लिखित में शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान भानु उर्फ जएश के रूप में हुई जो बिसहड़ा गांव का निवासी है। आरोपी को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जारचा के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी बेरोजगार है।

### गढ़ में 25 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**गाजियाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर खादर क्षेत्र में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने पूर्वजों को दीपदान कर गंगा में अस्था की डुबकी लगाई। गढ़मुक्तेश्वर खादर क्षेत्र में लगने वाले ऐतिहासिक व पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में दीपदान पर्व पर 25 लाख श्रद्धालुओं ने पड़ाव डालकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण लाखों श्रद्धालुओं को गंगा मेले तक पैदल सफर करना पड़ा। मेले का मुख्य स्नान आज सुबह 4 बजे से शुरू हो गया था। मेला क्षेत्र समेत गंगानगरी ब्रजघाट के तट पर रविवार की शाम तक 25 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके थे। दीपदान पर्व पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने से मेला मार्ग, गढ़ चौपला समेत अन्य संपर्क मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ने से गंगा तट तक जाने के लिए पैदल चलना पड़ा। जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, प्रमोद नागर, प्रशासनिक अधिकारी देवीदास समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने दीपदान पर्व के मद्देनजर मेला क्षेत्र में मुख्य स्नानघाट समेत अन्य घाटों और बाजारों में लगातार निरीक्षण किया। रेखा नागर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को गंगा में लगाई गई बैरिकेडिंग समेत अन्य सुविधाओं पर लगातार नजर बनाए रखने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

### दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गिरफ्तार

**नोएडा।** लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) द्वारा आयोजित की गई स्टाफ नर्सिंग की परीक्षा में दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहे एक व्यक्ति को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नितेश है। उन्होंने बताया कि नितेश, जालान सिंह नामक व्यक्ति की जगह परीक्षा दे रहा था। उन्होंने बताया कि स्टाफ नर्सिंग की परीक्षा कल सेक्टर 62 स्थित इंडस वैली स्कूल में चल रही थी। परीक्षा केंद्र के व्यवस्थापक ने नितेश को दूसरे की जगह पेपर देने के आरोप में पकड़कर सेक्टर 58 पुलिस के हवाले किया।

### प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन

**गाजियाबाद।** सूर्य नगर गुरुद्वारा से गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व पर नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन पांच पियारों की अगुवाई में तथा श्री गुरु ग्रंथ साहब की छत्रछाया में सूर्यनगर, रामपुरी, ब्रिजविहार, चन्द्रनगर, रामप्रस्थ होते हुए वापिस सूर्य नगर गुरुद्वारा पर समाप्त होगा। इस मौके पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष रनबीर सिंह भाटिया ने अल्पसंख्यक आयोग यूपी के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद विनय चौधरी, शशि खेमका, जय भगवान अग्रवाल, अनमोल खन्ना, आतंकवाद विरोधी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हरप्रीत सिंह जग्गी, लिंक रोड थाना प्रभारी प्रीति सिंह को सरोपा भेंट किया।

# ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर हमला, सर्विस हथियार लूटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गाजियाबाद में ग्रामीणों ने नोएडा पुलिस के कुछ कर्मियों पर कथित तौर पर हमला किया तथा उनसे एक सर्विस हथियार लूट लिया।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हमले में नोएडा सेक्टर 63 थाने के दो पुलिस कर्मी घायल हो गए, जो रविवार को जांच के सिलसिले में गाजियाबाद के मसौता गांव गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि हमला एक निजी कार में सवार पुलिस टीम और कुछ स्थानीय लोगों के बीच पुलिया पर वाहन को गुजरने देने को लेकर बहस के बाद हुआ। गाजियाबाद के मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त नरेश कुमार ने कहा, नोएडा पुलिस की टीम नोएडा में दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के मसौता गांव आई थी।

### लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में स्थित 188 सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर पुलिस द्वारा चेक किया गया, जिसमें 47 लाउडस्पीकर की ध्वनि की आवाज को मानक के अनुरूप करवाया गया तथा 17 लाउडस्पीकर धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए। इस मामले में 17 लोगों को नोटिस दिया गया एवं 21 लोगों के विरुद्ध 107/116 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि विशेष अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन के तहत विशेष अभियान चलाया गया।

# नोएडा में रईसजादों ने की स्टंटबाजी

● पुलिस ने पांच गाड़ियों को किया जब्त, मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में स्टंटबाजो के खिलाफ पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। ऐसा ही मामला रविवार रात देखने को मिला, जब कुछ युवक गाड़ियों में सवार होकर स्टंटबाजी कर रहे थे और एक गाड़ी से कुछ युवक पैसे भी उड़ा रहे थे। इसकी सूचना ट्रैफिक पुलिस को मिली। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी गाड़ियों को बिसरख थाना क्षेत्र में पकड़ लिया गया और पांच गाड़ियों को सीज कर दिया गया।

रविवार रात को आधा दर्जन गाड़िया स्टंट बाजी कर रही थी। दरसअल सेक्टर-37 के पास से यह गाड़ियां निकली। इन गाड़ियों की खिड़कियों से बाहर युवक निकले हुए थे और स्टंटबाजी कर रहे थे। इसके अलावा एक गाड़ी से एक युवक नोट भी उड़ा रहा था। जब यह गाड़ियां सेक्टर 37 के पास से गुजरी तो किसी व्यक्ति के द्वारा इसका वीडियो बना लिया गया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होते ही नोएडा की ट्रैफिक पुलिस हरकत में आ गई। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने तत्काल इन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने बिसरख थाना क्षेत्र में इन सभी गाड़ियों को पकड़ लिया। इस दौरान वीडियो में दिख रही पांच गाड़ियों को सीज कर दिया गया और इन सभी गाड़ियों के करीब 33000 के चालान भी काटे गए।

हुड़दंग मचा रहे युवकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग दिल्ली से अपने दोस्त की बारात में आए हुए थे। इस दौरान यह लोग स्टंट बाजी करने लगे लेकिन नोएडा पुलिस की शख्ती के चलते इन्हें स्टंट बाजी करना भारी पड़ गया। नोएडा के डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने बताया कि कुछ युवकों के द्वारा गाड़ियों से स्टंट किया जा रहा था।

# 23वीं मंजिल से गिरकर आस्था की टूटी थी पांच हड्डियां

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, मानसिक तनाव के चलते की थी आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में 23वीं मंजिल से कूदकर जान देने वाली मेडिकल स्टूडेंट आस्था शर्मा की मौत शॉक व हेमरेज गहरा आघात लगना से हुई थी। बिजनेसमैन के फाउंटेन में इतनी ऊंचाई से गिरकर आस्था के शरीर की पांच हड्डियां टूट गई थीं।

ये बात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उजागर हुई है। रिपोर्ट के अनुसार. गर्दन, सिर, कूल्हे, कंधे और कमर की हड्डियां टूटी पाई गई हैं। डॉक्टरों का मानना है कि आस्था जब फाउंटेन में गिरी तो उसकी नाक से खून बहा। जैसा घटनास्थल पर पड़े शव की तस्वीरों में भी दिख रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस में किसी भी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में एडवांटेज सोसाइटी हैए जो इस शहर की सबसे पॉश है। 25 नवंबर की सुबह 11वें टॉवर के पास बिजनेसमैन अमित जैन के फाउंटेन में एक युवती का शव पड़ा मिला। उसकी पहचान आस्था शर्मा के रूप में हुई। वो गाजियाबाद के संतोष मेडिकल कॉलेज से बैचलर ऑफ डेंटिस्ट कर रही थी। आस्था 24 नवंबर को अपने फ्रेंड रोहित खन्ना के फ्लैट पर आई थी और उसी शाम को पौने 7 बजे के आसपास उसने 23वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि सोसाइटी वालों को आत्महत्या के बारे में अगली सुबह पता चला। पुलिस ने आस्था के परिजनों से बातचीत के बाद दावा किया कि वो काफी दिनों से डिप्रेशन में थी और इसकी दवाइयां भी ले रही थी। घटना के पांच दिन पहले से वो मोबाइल भी यूज नहीं कर रही थी। उसका मोबाइल दिल्ली के विकासपुरी स्थित घर पर मौजूद मिला है।

# मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

● बदमाश के खिलाफ लूटपाट सहित 14 आपराधिक मामले हैं दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बिसरख थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस मुठभेड़ के बाद एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (जोन द्वितीय) सुनिति ने बताया कि सोमवार सुबह बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस बदमाशों की तलाश में जांच कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल से दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस कर्मियों पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनका पीछा किया। लेकिन हड़बड़ाहट में उनकी मोटरसाइकिल गिर गई। पुलिस से खुद को घिरा पाकर बदमाश गोली चलाते हुए भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जिससे एक बदमाश मनोज चतुर्वेदी घायल हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चतुर्वेदी दिल्ली के सदर बाजार का निवासी है। पुलिस ने बताया कि बदमाश का एक साथी मौके से भाग निकला। उन्होंने बताया कि बदमाश के पास से लूटा हुआ एक मोबाइल फोन, देसी तमंचा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। डीसीपी ने बताया कि उक्त बदमाश के खिलाफ लूटपाट सहित 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# कबाड़ के टाइल्स से बनेंगे फुटपाथ

● ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ ने सीआरआरआई के साथ बैठक कर दी सहमति, देश का बनेगा पहला शहर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान सीआरआरआई से हाथ मिलाया है।

प्राधिकरण सीआरआरआई के साथ बहुत जल्द करार करने जा रहा है। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने में इस्तेमाल करने की भी तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष एसीईओ मेधा रूपम और अन्नपूर्णा गर्ग की मौजूदगी में सीआरआरआई की प्रस्तुतिकरण में इस पर सहमति बन गई है।

सीईओ ने सभी वर्क सर्कल को मॉडल रोड चिह्नित कर वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए हैं। अगर फुटपाथ बनाने में पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल हुआ तो ग्रेटर नोएडा ऐसा करने वाला देश का पहला शहर बन जाएगा। अच्छी सड़क ग्रेटर नोएडा की पहचान है।

इसे और बेहतर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर ईको फ्रेंडली तथा अधिक गुणवत्तापरक सड़कें बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीआरआरआई को सलाहकार एजेंसी के रूप में अपने साथ जोड़ने की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण अगले दो सप्ताह में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के साथ करार करने जा रहा है।

करार हो जाने पर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा में सड़कों को ईको फ्रेंडली बनाने, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने, सड़कों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी कंसल्टेंसी देगा। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में फुटपाथ बनाने के लिए पॉलीथिन व अन्य कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का भी इस्तेमाल करेगा।

प्राधिकरण संस्थान को वेस्ट मैटेरियल देगा, जिसके एवज में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सस्ती दरों पर पेवर ब्लॉक टाइल्स उपलब्ध कराएगा। इसका इस्तेमाल ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे फुटपाथ बनाने में किया जाएगा। पेवर ब्लॉक टाइल्स वेस्ट मैटेरियल से बनेंगी। ऐसे में ये पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होंगी। इसकी दरें कम होने से बचत भी होगी।


## इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
सीआईएन–एल10719डीएल1995पीएलसी277176
पंजीकृत कार्यालय : 288, बेसमेंट, एजीसीआर एन्क्लेव, दिल्ली–110092, भारत
कार्पोरेट कार्यालय : बी–16, द्वितीय तल, सेक्टर–2, नोएडा–201301, भारत
ई–मेल : info@integratedindustries.in वेबसाइट : www.integratedindustries.in मोबाइल : +91 9811060171 फोन : 011 45511351 फैक्स : 011 45511351

**फैक्स 02/2023–24 अ–साधारण सामान्य बैठक की सूचना, ई वोटिंग जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध ("कम्पनी") के सदस्यों की 02/2023–24 अ–साधारण सामान्य बैठक बुधवार, 20 दिसम्बर, 2023 को दोपहर 12.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से, ईजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

सर्कुलर्स के अनुपालन में, ईजीएम सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी'ज कम्पनी/रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट ("आरटीए")/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट ("डीपी") के पास पंजीकृत हैं। सभी सदस्यों को ई–मेल भेजने का कार्य 27 नवम्बर, 2023 को पूरा किया जा चुका है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट : www.integratedindustries.in, स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।

**ई–मेल पता, मोबाइल नंबर तथा बैंक खाता आदेश पंजीकृत/अद्यतन करने की विधि**

जिन सदस्यों की ई–मेल आईडी'ज पहले से कम्पनी/आरटीए/डीपी के पास पंजीकृत हैं, वे ईजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए गए रिमोट ई–वोटिंग और ईजीएम में ई–वोटिंग हेतु अनुदेशों का पालन करें। जिन सदस्यों ने अपनी ई–मेल आईडी'ज पंजीकृत नहीं करवाई हैं, उनसे अनुरोध है कि उसका पंजीकरण, कम्पनी से सूचनाओं इत्यादि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए, नीचे वर्णित प्रक्रिया के अनुसार करवा लें :–

- जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर भौतिक रूप में धारण किए हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि एक विधिवत हस्ताक्षरित प्रपत्र आईएसआर–1, समर्थन दस्तावेजों के साथ कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड शेयर ट्रांसफर एजेन्ट–स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को उनके कार्यालय स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी–153/ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 1, नई दिल्ली 110020, फोन : 011 40450193 197 ; अथवा ई मेल द्वारा admin@skylinerta.com पर उपलब्ध कराएं। उक्त प्रपत्र कम्पनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in पर उपलब्ध है।
- जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर अभौतिक रूप में धारण किए हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई मेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के माध्यम से अपने संबंधित डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत/अद्यतन करवाएं।

**रिमोट ई–वोटिंग और ईजीएम में ई–वोटिंग हेतु अनुदेश**

उक्त अधिनियम की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के विनियम 44 के अनुसरण में, सदस्यों को ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर उनका वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डालने हेतु सुविधा, रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से (ईजीएम से पहले) और ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से (ईजीएम में) उपलब्ध कराई जाएगी। वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। ईजीएम में ई वोटिंग सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हैं तथा प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई वोटिंग के माध्यम से नहीं डाला है। जो सदस्य ईजीएम से पहले अपना वोट रिमोट ई वोटिंग के माध्यम से डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं परंतु ईजीएम में वोट डालने हेतु ग्राह्य नहीं होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

1. ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय का निष्पादन ई वोटिंग के रूप में इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा।
2. सदस्य(यों) के वोटिंग अधिकार कट ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023 को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति, जिसका नाम कट ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023 को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग/ईजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का हकदार होगा।
3. कोई व्यक्ति, जो ईजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023 को शेयरों का धारक है, वह अपने फोलियो नंबर/डीपी आईडी तथा क्लाइंट आईडी के उल्लेख के साथ एक ई–मेल evoting@nsdl.co.in अथवा info@skylinerta.com पर भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो अपनी मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए कर सकता है।
4. रिमोट ई–वोटिंग अवधि रविवार, 17 दिसम्बर, 2023 को पूर्वा. 09.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा मंगलवार, 19 दिसम्बर, 2023 को अप. 05.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद सदस्य को उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
5. इस अवधि के दौरान, भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं।
6. सदस्यों को ईजीएम में ई वोटिंग हेतु सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा ईजीएम में उपस्थित जिन सदस्यों ने ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ईजीएम में वोट डालने हेतु ग्राह्य होंगे।
7. जो सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं, परंतु ईजीएम में पुनः वोट डालने हेतु ग्राह्य नहीं होंगे।
8. रिमोट ई वोटिंग, ईजीएम में ई वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया तथा विधि और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने संबंधी अनुदेश ईजीएम की सूचना में दिए जा रहे हैं तथा कम्पनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।
9. किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे गए प्रश्न (एफएक्यू'ज) देखें अथवा शेयरधारकों के लिए यूजर मैनुअल देखें अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर कॉल करें अथवा evoting@nsdl.co.in पर एनएसडीएल को अनुरोध भेजें, जो इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग संबंधी सभी शिकायतों का निवारण करेंगे।
10. निदेशक मंडल ने सुश्री लवलीन गुप्ता (एफसीएस नंबर 5287), अभ्यासरत कम्पनी सचिव, को ईजीएम के दौरान ई वोटिंग तथा ईजीएम से पहले रिमोट ई वोटिंग की प्रक्रिया के निष्पक्ष और पारदर्शी संवीक्षण के लिए संवीक्षक नियुक्त किया है।
11. परिणाम, ईजीएम के समापन के दो कार्य दिवस के भीतर घोषित किए जाएंगे और उनको संवीक्षक की समेकित रिपोर्ट के साथ कम्पनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रकाशित किए जाएंगे तथा बीएसई लिमिटेड को www.bseindia.com पर सूचित किए जाएंगे।

वास्ते इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
हस्ता./–
दिनांकित : 28–11–2023 (प्रियंका)
स्थान : दिल्ली कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी



## कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको, रानपुर, कोटा।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या **जी-259, क्षेत्रफल 1500 वर्गमीटर, औद्योगिक क्षेत्र एग्रो फूड पार्क द्वितीय, रानपुर, कोटा** का हस्तांतरण दिनांक 14.11.2018 को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख, शपथ पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजो के जरिये प्रोपराईटरशिप **फर्म मैसर्स एल.के.इण्डस्ट्रीज से पार्टनरशिप फर्म अमरथन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** के पक्ष में दिनांक 15.03.2019 को किया गया।

भूखण्ड संख्या **जी-266, क्षेत्रफल 1548** वर्गमीटर, औद्योगिक क्षेत्र **एग्रो फूड पार्क द्वितीय चरण, रानपुर, कोटा** का हस्तांतरण का हस्तांतरण दिनांक **16.11.2018** को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख, शपथ पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजो के जरिये प्रोपराईटरशिप **फर्म मैसर्स एम. बी. एग्रो फूड्स से पार्टनरशिप फर्म अमरथन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** के पक्ष में दिनांक **13.03.2019** को किया गया। **अमरथन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी**, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में क्रम संख्या **AAI-9802 से पंजीकृत है एवं उक्त एलएलपी फर्म में कुल 11 पार्टनर्स थे।**

दिनांक **31.05.2020** को **अमरथन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** द्वारा प्रथम सप्लीमेंट्री एलएलपी एग्रीमेंट के माध्यम से उक्त फर्म में 11 पार्टनर में से 7 पार्टनर क्रमशः श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती त्रिशिला जैन, श्रीमति अदिति जैन, श्रीमति आयुषी जैन श्रीमती पुष्पा जैन श्री अंकित जैन एवं श्रीमती मेधा जैन रिटायर हो गये है एवं 4 पार्टनर फर्म में क्रमशः श्री कमलदीप जैन, श्री विकास जैन, श्री अंकुर जैन एवं श्री गर्वित जैन शेष है।

उक्त दोनों **(भू0सं0 जी–259 एवं जी–266)** हस्तांतरी भूखण्डों की **फर्म अमरथन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** जरिये पार्टनर्स द्वारा शपथ पत्र, प्रथम सप्लीमेंट्री एलएलपी एग्रीमेंट दिनांक **31.05.2020**, सी.ए.प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के आधार उक्त भूखण्ड का संविधान परिवर्तन शेष रहे पार्टनर क्रमशः श्री कमलदीप जैन, श्री विकास जैन, श्री अंकुर जैन एवं श्री गर्वित जैन के पक्ष में करने हेतु निवेदन दिनांक 05.10.2023 को किया गया है। यहां यह भी विदित है कि उक्त फर्म की एक पार्टनर श्रीमती त्रिशिला जैन की मृत्यु दिनांक 13.05.2023 को हो गई है।

भूखण्ड संख्या **जी–259 एवं जी–266, औ० क्षे० एग्रो फूड पार्क द्वितीय, रानपुर, कोटा (राजस्थान)** के संविधान परिवर्तन उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर **अमरथन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी पार्टनर्स** श्री कमलदीप जैन, श्री विकास जैन, श्री अंकुर जैन एवं श्री गर्वित जैन के पक्ष में अग्रिम कार्यवाही अमल मे लाये जाने से पूर्व इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी भी व्यक्ति/फर्म अथवा सरकारी/अर्ध सरकारी संस्थान अथवा वित्तीय संस्थान को भूखण्ड संख्या **जी–259 एवं जी–266, औ0क्षे0 एग्रो फूड पार्क द्वितीय, रानपुर, कोटा (राजस्थान)** के संविधान परिवर्तन के सम्बंध में किसी प्रकार की यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूत के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। कृपया विदित रहे कि दी गई मियाद निकलने के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी शिकायत, /आपत्ति पर कोई गौर नहीं फरमाया जायेगा और नियमानुसार प्राप्त उपरोक्त अंकित आवेदन पत्र / दस्तावेजों पर इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार भूखण्डों के संविधान परिवर्तन की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक
रीको, रानपुर, कोटा



**सार्वजनिक सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि** B–16, सेक्टर–1, नोएडा, उ0प्र0, स्थित औद्योगिक भूखंड जो उप निबंधक कार्यालय प्रथम, नोएडा की बही सं0 1, जिल्द सं0 22, पृष्ठ सं0 324 से 347, क्र0 सं0 840 दिनांक 28.11.1980 में पंजीकृत है, के मूल आवंटी श्री श्याम लाल बंसल द्वारा निष्पादित पंजीकृत वसीयत दिनांक 03.02.2023 के अनुसार उनके मरणोपरांत उपरोक्त औद्योगिक भूखंड को उनके पुत्र श्री मनोज बंसल के पक्ष में नामांतरित किया जा रहा है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है और उसके पास उक्त संपत्ति के मूल आवंटी द्वारा दिनांक 03.02.2023 के पश्चात पारित कोई अन्य पंजीकृत वसीयत है, वह वसीयत की सत्यापित प्रति के साथ और यदि कोई अन्य वसीयत न होने पर भी किसी को आपत्ति है तो इस संबंध में संबन्धित न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर कृपया अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशित होने के **30 दिवस के अंदर** नोएडा प्राधिकरण के औद्योगिक विभाग में प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात कथित भूखंड का नामांतरण वसीयतधारक के पक्ष में कर दिया जाएगा।

मनोज बंसल



## सार टेलीवेंचर लिमिटेड

(पूर्वतः सार टेलीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड)
सीआईएन : यू45202एचआर2019पीएलसी080514
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 346 ए, द्वितीय तल, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122016, हरियाणा
सम्पर्क : +91–8587050050, ई–मेल : info@sarteleventure.com

**30–09–2023 को समाप्त अर्द्ध–वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 6 माह समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित | 6 माह समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | 6 माह समाप्त 31–03–2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 321.94 | 320.91 | 324.85 | 645.77 | 475.35 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व#) | 54.23 | 20.03 | 97.7 | 117.73 | 2.73 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात#) | 54.23 | 20.03 | 97.7 | 117.73 | 2.73 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात#) | 41.08 | 13.98 | 64.8 | 78.78 | 3.71 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 41.08 | 13.98 | 64.8 | 78.78 | 3.71 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 210 | 4.18 | 65.29 | 65.29 | 4.18 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 2673.14 | 11.89 | 823.13 | 823.13 | 11.89 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | |
| | 1. मूल | 0.52 | 6.7 | 10.04 | 18.47 | 1.78 |
| | 2. तनुकृत | 0.52 | 6.7 | 10.04 | 18.47 | 1.78 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अर्द्ध–वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। अर्द्ध–वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध है। ये परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.sarteleventure.com पर भी उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणामों का सम्यक् पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा उनकी 27–11–2023 को आयोजित बैठक में किया गया है।

वास्ते सार टेलीवेंचर लिमिटेड
(पूर्वतः सार टेलीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
तिथि : 27–11–2023 (राहुल सचदेव)
स्थान : हरियाणा प्रबंध निदेशक